

# अखंड भारत समाचार






विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
8708565733

## दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी का 5 घंटे प्रदर्शन:अभिजीत दीपके ने शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा; अगले शनिवार फिर जंतर-मंतर पर जुटने का ऐलान

NEET पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी, यानी CJP ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 5 घंटे प्रदर्शन किया। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा था कि मंत्री आज शाम 5 बजे तक इस्तीफा दें, नहीं तो पूरे देश में प्रदर्शन किया जाएगा। अगले शनिवार, यानी 13 जून को जंतर-मंतर पर फिर प्रदर्शन करेंगे।

CJI को जंतर-मंतर पर आज शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति मिली थी, लेकिन दोपहर 3:30 बजे अभिजीत की तबीयत खराब हो जाने के बाद यह समाप्त हो गया। इसके बाद में सोनम वांगचुक के साथ धरनास्थल से रवाना हो गए।

अभिजीत सुबह ही अमेरिका से दिल्ली लौटे थे। वे एयरपोर्ट से सीधे जंतर-मंतर पहुंचे थे। यहां अभिजीत अंबेडकर की ऑटो बायोग्राफी और संविधान की कॉपी लेकर पहुंचे थे। प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक, CPI(ML) लिबरेशन के महासचिव दिपांकर भट्टाचार्य, CPI नेता एनी राजा और वामपंथी छात्र और युवा संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उनके साथ CJP के प्रवक्ता आशुतोष रांका भी मौजूद थे। आशुतोष IIT कानपुर से पास आउट हैं। वे पिछले साल लंदन से भारत लौटे हैं।




## नोएडा में मुठभेड़ के बाद 4 शातिर चोर गिरफ्तार, रेपिडो चालक निकला मास्टरमाइंड

नोएडा के सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़े चोरी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई में दो आरोपी गोली लगने से घायल हुए जबकि दो अन्य को कॉम्बिंग ऑपरेशन में दबोचा गया. गिरोह का एक सदस्य रैपिडो चालक निकला जो बंद मकानों की रेकी कर अपने साथियों को जानकारी देता था और फिर वारदात को अंजाम दिया जाता था. नोएडा के सेंट्रल जोन स्थित सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बंद मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया. मोजर बीयर गोलचक्कर के पास सर्विस रोड पर चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की दो बाइक पर चार संदिग्ध युवक दिखाई दिए. पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो आरोपी भागने लगे और फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में वकील उर्फ रिजवान और सरफराज उर्फ फैज के पैर में गोली लगी और उन्हें दबोच लिया गया. वहीं, भोले उर्फ भोला और अलीजान को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है. पुलिस ने मौके से चार अवैध तमंचे, कारतूस और खोखा बरामद किए हैं. शुरुआती जांच में सामने आया कि यह गिरोह लंबे समय से एनसीआर में सक्रिय था और बंद मकानों को टारगेट कर बड़ी वारदातों को अंजाम देता था. पुलिस की इस कार्रवाई को इलाके में बड़ी सफलता माना जा रहा है. पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह का सदस्य भोले उर्फ भोला पेशे से रैपिडो चालक है. वह सोसायटियों में सवारी के बहाने आता जाता था और खाली पड़े मकानों की जानकारी जुटाता था. इसके बाद वह पूरी डिटेल अपने साथियों को देता था, जिसके बाद रात के समय चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाता था.



## अमेरिका और ईरान ने एक-दूसरे पर फिर हमले किए, खाड़ी में संघर्ष विराम पर संकट गहराया



अमेरिकी सेना का कहना है कि उसने होर्मुज़ स्ट्रेट की ओर दागे गए ईरान के चार 'वन-वे अटैक ड्रोन' को मार गिराया है. अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी सेना ने "आगे के हमलों से बचाव के लिए बाद में गोरुक और क़ेशम द्वीप पर ईरान के क़ेशम द्वीप के रडार ठिकानों पर हमला किया." ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरआईबी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने इसके जवाब में कुवैत में दो अमेरिकी एयर बेस और बहरीन में अमेरिकी नौसेना के ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं. अमेरिकी सेना ने कहा कि इन ड्रोन्स से 'क्षेत्रीय समुद्री यातायात को ख़तरा' था. सेंटकॉम ने दावा किया है कि शुरुआती आकलन से पता चला है कि खाड़ी के दो देशों पर दागी गई ईरान की सात मिसाइलों में से छह को रोक दिया गया और एक अपने लक्ष्य तक नहीं पहुँच पाई.

ईरान की सरकारी न्यूज़ एजेंसी इरना के मुताबिक़, आईआरजीसी ने अमेरिका को चेतावनी दी कि वह 'ऐसी शरारती हरकतों' को दोहराने से बचे. उसने कहा कि अगर इस तरह की कार्रवाई जारी रही तो ईरान सीमित जवाबी कार्रवाई से संतुष्ट नहीं होगा. आईआरजीसी ने यह भी चेतावनी दी है, "हॉर्मुज़ स्ट्रेट को तेल और गैस के निर्यात के लिए पूरी तरह बंद किए जाने के परिणामों की ज़िम्मेदारी वॉशिंगटन की होगी."

## जिगरी दोस्त की जासूसी कर रहा इजरायल? पेंटागन की इस रिपोर्ट से अमेरिका में हलचल



अमेरिका और इजरायल के रिश्तों में बढ़ते तनाव के बीच एक रिपोर्ट ने नई हलचल पैदा कर दी है. पेंटागन ने इजरायल की खुफिया गतिविधियों को लेकर चिंता जताई है. रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों को इजरायल यात्रा के दौरान अतिरिक्त सुरक्षित रहने की सलाह दी गई है. अमेरिका और इजरायल दशकों से करीबी सहयोगी रहे हैं, लेकिन ईरान युद्ध को लेकर दोनों देशों के बीच बढ़ते मतभेद अब सुरक्षा और खुफिया मामलों तक पहुंचते दिखाई दे रहे हैं. एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका में इजरायल की खुफिया गतिविधियों को लेकर चिंता बढ़ गई है और वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों को संभावित निगरानी से बचने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है. अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, इजरायल लंबे समय से जानकारी जुटाने में बेहद आक्रामक माना जाता रहा है. इसी वजह से इजरायल जाने वाले वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों को अक्सर बर्नर फोन, अस्थायी कंप्यूटर और स्पेशल कम्युनिकेशन प्रोटोकॉल का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है. कई पूर्व राजनयिकों और खुफिया अधिकारियों का कहना है कि संवेदनशील विषयों पर चर्चा होटल के कमरों या अन्य असुरक्षित स्थानों पर करने से भी बचा जाता है. रिपोर्ट के मुताबिक, DIA ने सात पन्नों का एक इंटरनल एसेसमेंट डॉक्यूमेंट तैयार किया है, जिसमें इजरायल की जासूसी और तकनीकी निगरानी क्षमताओं को "क्रिटिकल स्तर" का बताया गया है.

# PM-EAC Meeting: टेंशन बड़ी है, पीएम मोदी ने बैठक में फिर कर दी अपील, इस स्ट्रेटेजी पर होगा काम



PM-EAC Meeting: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक अहम बैठक की। यह बैठक प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (PM-EAC) की थी। इसमें दिग्गज अर्थशास्त्री और पॉलिसी एक्सपर्ट शामिल थे। मिडिल ईस्ट में जारी टेंशन के बीच इसमें देश की इकोनॉमिक ग्रोथ को बनाए रखने पर चर्चा हुई। बैठक में क्या-क्या हुआ, जानते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (PM-EAC) की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में जाने-माने अर्थशास्त्री और नीति विशेषज्ञ शामिल हुए। उन्होंने पश्चिम एशिया में जारी टेंशन समेत दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच भारत की आर्थिक रफ्तार को बनाए रखने की स्ट्रेटेजी पर चर्चा की। परिषद ने बदलती वैश्विक आर्थिक स्थिति की समीक्षा की। इसमें एनर्जी मार्केट, महंगाई का दबाव, सप्लाई चेन में रुकावट और व्यापार के प्रवाह पर खास ध्यान दिया गया। सदस्यों ने भारत की मैक्रो-इकोनॉमिक स्थिरता पर भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के संभावित असर का विश्लेषण किया। घरेलू आर्थिक गतिविधियों को सुरक्षित रखने के लिए खास नीतिगत उपायों की जरूरत पर जोर दिया। बैठक में भारत के निवेश माहौल को बेहतर बनाने, कम्प्लायंस के बोझ को कम करने, सर्विस डिस्ट्रीब्यूशन में सुधार करने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए सुधारों पर भी जोर दिया गया। मोदी ने अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती के लिए दीर्घकालिक उपायों की जरूरत को दोहराया ताकि वैश्विक झटकों और संकटों का सामना किया जा सके।

## Men's U18 Hockey Asia Cup 2026: भारतीय टीम तीसरी बार बनी चैम्पियन, फाइनल में मेजबान जापान पस्त



भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए तीसरी बार मेन्स अंडर-18 एशिया कप जीत लिया. युवा खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन ने ना सिर्फ भारत को चैम्पियन बनाया, बल्कि भविष्य के लिए भी उम्मीद की नई किरण जगा दी है. भारतीय हॉकी टीम ने एक बार फिर एशिया में अपना दबदबा साबित करते हुए मेन्स अंडर-18 एशिया कप 2026 का खिताब जीत लिया. जापान के काकामिगाहारा स्थित कावासाकी हेवी इंडस्ट्रीज हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में भारत ने मेजबान जापान को 4-1 से करारी शिकस्त देकर तीसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की.

फाइनल में भारत के स्टार खिलाड़ी पूर्ति आशीष तानी ने शानदार हैट्रिक लगाकर जीत में अहम भूमिका निभाई. कप्तान केतन कुशवाहा ने भी एक गोल दागा. जापान के लिए गाकू नुमादा ने एकमात्र गोल किया, लेकिन भारत के आक्रामक खेल के सामने मेजबान टीम टिक नहीं सकी. पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 5-3 की जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरी थी. फाइनल में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए और जापान को संभलने का मौका नहीं दिया. भारतीय टीम ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और लगातार हमलों के दम पर मैच को एकतरफा बना दिया. पूर्ति आशीष तानी ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म दिखाई और फाइनल में भी अपनी छाप छोड़ी. उनकी हैट्रिक ने जापान की वापसी की उम्मीदों को पूरी तरह खत्म कर दिया. वहीं कप्तान केतन कुशवाहा ने नेतृत्व के साथ-साथ मैदान पर भी अहम योगदान दिया.

## श्रेयस अय्यर को क्यों चुना गया टी-20 टीम का कप्तान, क्या वैभव सूर्यवंशी तोड़ पाएंगे सचिन का रिकॉर्ड




हाल ही में भारत को टी-20 वर्ल्ड कप में जीत दिलाने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव को टीम से बाहर किया गया है. श्रेयस अय्यर अब टी-20 टीम की अगुवाई करते हुए नज़र आएंगे. आईपीएल के 19वें सीज़न में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले 15 साल के युवा बल्लेबाज़ वैभव सूर्यवंशी को पहली बार भारतीय टी-20 टीम में जगह मिली है.

तिलक वर्मा को टीम का उप कप्तान बनाया गया है. वहीं हार्दिक पंड्या तीनों ही टूर्नामेंट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे. भारतीय टीम की घोषणा चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक प्रेस कांफ्रेंस में की. वहीं अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ वनडे सिरीज़ से चोट की वजह से बाहर हुए विराट कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल को जगह दी गई है. तीन वनडे मैचों की सिरीज़ 13 जून से शुरू होगी. इन सभी टूर्नामेंट से हार्दिक पांड्या बाहर रहेंगे. बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सेकिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि "हार्दिक पांड्या सीओई (सेंटर ऑफ़ एक्सिलेंस) बेंगलुरु में हैं. वह एक रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम से गुज़र रहे हैं."ह जल्द ही फ़ाइनल टेस्ट के लिए जाएंगे, और वह क्लियरेंस के प्रोसेस में होंगे.

## पेद्दी में जान्हवी कपूर के बदले जाएंगे सीन्स, तीखी आलोचना के बाद डायरेक्टर ने मांगी माफी




पेद्दी' में जाह्नवी कपूर के रोल को लेकर काफी बहस छिड़ गई है. महिलाओं को 'ऑब्जेक्ट' की तरह दिखाने के आरोपों और आलोचना के बाद, डायरेक्टर बुची बाबू सना ने माफी मांगी है और इसमें बदलाव करने का वादा किया है साउथ सुपरस्टार राम चरण की हालिया रिलीज फिल्म 'पेद्दी' (Peddi) में जाह्नवी कपूर के किरदार को लेकर सोशल मीडिया पर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है. अब इस बीच बढ़ती आलोचना और दर्शकों के गुस्से को देखते हुए आखिरकार फिल्म के डायरेक्टर बुची बाबू सना को सामने आना पड़ा है. उन्होंने इस पूरे मामले पर न सिर्फ सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है, बल्कि दर्शकों को भरोसा दिलाया है कि फिल्म के उन विवादित हिस्सों और सीन्स में बदलाव किए जाएंगे. दरअसल क्रिटिक्स ने फिल्ममेकर्स पर एक्ट्रेस को ऑब्जेक्टिफाई और हाइपर-सेक्शुअलाइज करने का आरोप लगाया है, जिसके बाद काफी विरोध हुआ और डायरेक्टर बुची बाबू सना को इस पर जवाब देना पड़ा है. दरअसल क्रिटिक्स ने फिल्ममेकर्स पर एक्ट्रेस को ऑब्जेक्टिफाई और हाइपर-सेक्शुअलाइज करने का आरोप लगाया है, जिसके बाद काफी विरोध हुआ और डायरेक्टर बुची बाबू सना को इस पर जवाब देना पड़ा है. राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'उप्पेना' के डायरेक्टर बुची बाबू सना ने इस बात की भी पुष्टि कर दी है कि वो फिल्म के उन विवादित हिस्सों को बदलने जा रहे हैं. उन्होंने अपने बयान में कहा, 'दर्शकों से मिले फीडबैक पर गहराई से विचार करने के बाद, हमने संबंधित दृश्यों में जरूरी बदलाव करने का फैसला किया है. कोई भी सिनेमा दर्शकों के साथ अपने जुड़ाव और प्यार से ही आगे बढ़ता है. एक कहानीकार होने के नाते हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज की बदलती सोच और संवेदनशीलता का पूरा ख्याल रखें.'


oicci
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) –
Global Strategic Partner of Antra Group
Antra™
Antra Developers
ANTRA DEVELOPERS
India's Fastest Growing Real Estate Company
हर कदम भरोसे का,
हर दिशा विकास की
RESIDENTIAL
Premium Living for Your Family
INDUSTRIAL
Powering Growth, Building Futures
COMMERCIAL
Smart Spaces, Great Opportunities
DEALING IN DHOLERA
SMART CITY PLOTTING
Future-Ready Investment | Trusted Name
India's One of the Largest Growing Companies
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com
Call / WhatsApp:
7878781509 | 8708565733
www.antradevelopers.com


Antra™
Antra Developers
oicci
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) –
Global Strategic Partner of Antra Group
YOUR VISION.
OUR MISSION.
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
INDIA'S FASTEST GROWING REAL ESTATE COMPANY
RESIDENTIAL
INDUSTRIAL
COMMERCIAL
SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
Future-Ready Investment
Trusted Name for Generations
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com | Call / WhatsApp: 7878781509 | 8708565733 | www.antradevelopers.com


oicci
Antra
हर कदम भरोसे का हर दिशा विकास की
हम लेकर आ रहे है
आपके शहर में
DHOLERA SMART CITY
CEO CONCLAVE 2026
देशभर के उद्यामपतियों, निवेशकों, बिजनेस लीडर्स और चैनल पार्टनर्स को
CEO CONCLAVE में आमंत्रित कर रहे है।
भविष्य के भारत की सबसे बड़ी
SMART CITY OPPORTUNITY
पर विशेष चर्चा
★ You Are Invited ★
INVESTMENT OPPORTUNITIES
FUTURE INFRASTRUCTURE
BUSINESS NETWORKING
WEALTH CREATION
CHANNEL PARTNERS
8708565733
7878781509
www.antradevelopers.com




## फरीदाबाद और साउथ दिल्ली से एयरपोर्ट जाना होगा आसान, दिसंबर तक शुरू होंगे Delhi Metro के 3 नए कॉरिडोर

दिल्ली और एनसीआर के अन्य शहरों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए मेट्रो विस्तार का कार्य तेजी से चल रहा है। इस वर्ष के अंत तक मेट्रो के तीन और कॉरिडोर शुरू होने की उम्मीद है। इसमें मजेंटा लाइन का जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग विस्तार के दो हिस्से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से दीपाली चौक और मजलिस पार्क से आरके आश्रम मार्ग के साथ ही गोल्डन लाइन के एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर शामिल है। इनके शुरू होने से मेट्रो के नेटवर्क में लगभग 41 किलोमीटर की वृद्धि होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 7 मार्च, 2019 को मेट्रो के चौथे चरण अंतर्गत मजलिस पार्क-मौजपुर (पिंक लाइन), जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग (मजेंटा) और एरोसिटी-तुगलकाबाद (गोल्डन) लाइन को स्वीकृति दी थी। उसके बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 13 मार्च, 2024 को इसी चरण के अंतर्गत चौथे चरण के अंतर्गत दो और नए कॉरिडोर लाजपत नगर-साकेत जी-ब्लॉक (गोल्डन लाइन) और इंद्रलोक-इंद्रप्रस्थ (पहले ग्रीन लाइन अब इसे मजेंटा लाइन में शामिल किया गया है) को स्वीकृति प्रदान की थी।











| | |
|---|---|
| PARTICULARS | Per Col. Sq.cm |
| REGULAR DISPLAY IN ELECTION | (Color) Rs.250/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN B & W | Rs.100/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN COLOR | Rs.200/- |
| TENDER NOTICE, COMPANY NOTICE, LEGAL &PUBLIC NOTICES | Rs.200/- |
| EAR PANEL (FRONT PAGE) | Rs.250/- |
| CLASSIFIED ADVERTISEMENTS | Rs.100/-per Line |
| CHANGE OF NAME, MATRIMONIAL, SITUATION | |
| FULL PAGE (B/W) | Rs.1.26,100/- |
| FULL PAGE (COLORS) | Rs.3,45,200/- |
| QUARTER PAGE SINGLE EDITION (COLOR) | Rs.1,50,000/- |
| SPECIAL POSITON | |
| FRONT PAGE | 100% Extra |
| COLUMNPER PAGE | 8 Columns |
| WIDTH OF COLUMN | 4 Cm |
| LENGTH OF COLUMN | 52 Cm |

WE HAVE COMPLETE ARRANGEMENT FOR TRANSLATION

OFFICE: Paschim Vihar, New Delh
110063
Ph.: 8708565733
E-mail: oasisnewstv@gmail.com
Website: www.oasisnews.in

